तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025



11 पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम ने बहनों को उपहार...





12 धान की फसल पर सूखे का संकट गंगरेल बांध से ...






## खबर संक्षेप

### पेंशनर दल आज रामलला दर्शन के लिए होगा रवाना

**भाटापारा।** पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की पहल पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के 19 पेंशनरों का दल श्री राम लला दर्शन के लिए 11 अगस्त को प्रातः 6:00 बजे जनपद कार्यालय से बस द्वारा रायपुर रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से सभी तीर्थ यात्रियों को श्री राम लला दर्शन के लिए निर्धारित रेलगाड़ी में मुख्यमंत्री/ मंत्री/सांसद द्वारा प्रत्येक यात्रियों को माला पहनाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया जाएगा। भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्र से पेंशनर तहसील अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के नेतृत्व में रवाना हो रहे हैं। जिसमे रघुनाथ प्रसाद पटेल, परेटन लाल साहू, गिरधारी लाल वर्मा, अशोक पंत,गणपत लाल वर्मा, हरिराम वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर, रमेश कुमार वर्मा, भागीरथी वर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, गणेशराम वर्मा, लतेलरामसाव, पंचराम वर्मा ,भगवत प्रसाद ओझा, प्रहलाद वर्मा, लक्ष्मण साव, प्रकाश जाधव एवं द्वारिका प्रसाद ध्रुव आदि शामिल हैं।

### बारिश थमी और खेतों में दरारें, नहर पानी की मांग



**संडी बंगला** । अंचल में पिछले 15 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में दरारें आने लगी है धान की फसल सूखने लगी है। किसान चिंतित है आसमान की ओर देखकर भगवान से बारिश होने की गुहार लगा रहे है, छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और छत्तीसगढ़ के किसानों का मुख्य फसल धान ही है और किसानों के जीविकोपार्जन का साधन भी धान की फसल है । किसानों की मुख पर फसल खराब होने की चिंता मंडरा रही है, जिसे देखते हुए डॉक्टर बिसेसर वर्मा ब्लॉक महामंत्री संडी ने चिंता व्यक्त कर गंगरेल बांध से जल्द से जल्द नहरों में पानी छोड़ने की मांग की है, जिससे फसलों को खराब होने से बचाया जा सके ।

### ग्राम पंचायत गोपालपुर में चला स्वच्छता अभियान



**गोपालपुर।** गोपालपुर की नई ग्राम पंचायत की सरपंच मानमती/पहारु साहू ने गांव की स्वच्छता पर खास ध्यान देते हुए एक सफाई अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, गांव के तालाब, बाजार परिसर और मुख्य सड़क (मेन रोड) पर लंबे समय से जमा कचरे को साफ कराया गया है। सरपंच के इस काम की गांव में काफी तारीफ हो रही है। सफाई के बाद ये सभी जगह अब बिल्कुल साफ-सुथरी और चमकदार दिख रही हैं।

### भोथीडीह में मुरमीकरण के लिए भूमिपूजन



**सिमगा** । सिमगा ब्लॉक के ग्राम भोथीडीह में 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सड़क मूरमीकरण निर्माण के लिए आज क्षेत्रीय जनपद सदस्य चन्द्र प्रकाश टोंडे ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर सरपंच कमलेश यदु, पूरन कुर्रे, ललित घृतकर, प्रभु यदु, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।





देवी गंगा, लहर तुरंगा, अहो देवी के भोजली के धुन पर नगर में हुआ भोजली का विसर्जन, 18 प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

# कसडोल में धूमधाम से मनाया गया भोजली पर्व डेढ़ फीट तक की भोजली बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कसडोल नगर और आसपास के गाँवों में भोजली पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देवी गंगा, लहर तुरंगा जैसे जसगीत गाते हुए महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक तरीके से भोजली का विसर्जन किया नागपंचमी के बाद बोई जाने वाली भोजली को रक्षाबंधन के अगले दिन विसर्जित करने की परंपरा है।

इस बार कसडोल में लगभग डेढ़ से दो फीट तक की सुनहरी भोजली देखने को मिली, जिसकी सुंदरता ने सभी का मन मोह लिया। शाम 4 बजे से ही लोग घरों से भोजली निकालकर चौक-चौराहों पर पूजा-अर्चना करने लगे। हल्दी और पानी डालकर अच्छी फसल और खुशहाली की कामना की गई। भोजली विसर्जन के लिए शहर में एक भव्य जुलूस भी निकाला गया। रामसागर पारा से शुरू होकर यह जुलूस हेमाल चौक से भजन-कीर्तन करते हुए बजरंग चौक पहुंचा। यहां भोजली समिति ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और फिर जुलूस रामसागर तालाब (बांधा तालाब) में भोजली विसर्जित करने के लिए आगे बढ़ा।

इस पर्व के दौरान, एक-दूसरे के कानों में भोजली डालकर मित्रता निभाने और सुख-समृद्धि की कामना करने की पुरानी परंपरा है। सुबह से ही बच्चे और बुजुर्ग एक-दूसरे के घर जाकर गले मिलकर बधाइयां दे रहे थे।



#### विजेताओं को मिला पुरस्कार

नगर में पिछले 35 सालों से यह पर्व मनाया जा रहा है। इस साल भी भोजली समिति ने महिलाओं और बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए पुरस्कार बांटे। प्रथम पुरस्कार, मौली राव को भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने 3001 का नकद पुरस्कार दिया। द्वितीय पुरस्कार भूरी साहू को पार्षद भगवती साहू ने 2000 नकद दिए। तृतीय पुरस्कार सोनिया जायसवाल को पार्षद संतोष भारती ने 1001 नकद दिए। इसके अलावा, पार्षद भानु प्रताप साहू और पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने करीब 15 अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और माँ महामाया की प्रतिमा भेंट की। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

## आदिवासी संस्कृति एवं धर्म की रक्षा करनी होगी : कुंजाम

**सिमगा** । सिमगा ब्लॉक के सर्व आदिवासी समाज एवं झिरिया चक के आदिवासी गोड़ समुदाय के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम ग्राम लांजा में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। साथ ही अपने पुरखा देव बुढ़ा देव, बूढ़ी दाई, के विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर तिलक लगाकर समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा भव्य आरती कर समाज के इष्ट बुढ़ा देव बुढी दाई को प्रसाद का भोग चढ़ाया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया । विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गौरी-गौरा व भोजली माता का भव्य शोभायात्रा निकाला गया । जिसमें आदिवासी समाज के पुरुषों


▶▶ शेष पेज 11 पर


- आदिवासी दिवस पर गौरी-गौरा की झांकी के साथ भोजली की शोभायात्रा निकाली



#### सर्व आदिवासी एक समान है

उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शंकर लाल मंडावी ने अपने उदबोधन में कहा कि आदिवासी परम्परा के अनुसार हमें अपनी संस्कृति एवं धर्म की रक्षा करना है। जल जंगल जमीन को बचाना है। प्रदेश सचिव कृष्णा कुंजाम ने कहा कि अपने समाज के प्रति निष्ठावान निष्ठा भाव व समाज के हित में हमेशा अग्रसर रहकर समाज के दायित्व का हमें निर्वहन करना है। आदिवासी का एक ही नारा है एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान है। वहीं समाज के पदाधिकारियों ने समाज हित में अपनी अपनी राय रखी तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ । उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शंकर लाल मंडावी, प्रदेश सचिव कृष्णा कुंजाम, धन्नु ध्रुव, मनीराम, तीरथ राम ध्रुव, शिव कुमार नेताम, चेतन ध्रुव, लच्छी राम, संतु राम, बसंत ठाकुर, राम सिंह ध्रुव, सदाराम ध्रुव, मस्तराम ध्रुव, गौकरण ध्रुव एवं जिला मीडिया प्रभारी व पत्रकार अजय नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व आस-पास गांवो से आये समाज के सगा जनों की उपस्थिति रही। विश्व आदिवासी दिवस दुनिया भर में रहने वाले आदिवासी समुदायों के अधिकारों को बढ़ावा देना और उनकी संस्कृति, पहचान और योगदान का सम्मान करना है। यह दिन आदिवासियों के मानवाधिकारों की रक्षा और उनके आत्मनिर्णय के अधिकार को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

# प्रसव के दौरान महिला और बच्चे की मौत परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार के लवन गांव की रहने वाली 28 वर्षीय संतोषी साहू और उनके नवजात बच्चे की प्रसव के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, संतोषी साहू को प्रसव पीड़ा होने पर सबसे पहले लवन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। वहां प्रारंभिक इलाज के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बलौदाबाजार के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि संतोषी को शाम 7 बजे के करीब जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी तबीयत और भी बिगड़ने लगी। इस दौरान, एक नर्स ने उन्हें दो इंजेक्शन लगाए। परिजनों का आरोप है कि इन इंजेक्शनों के बाद संतोषी की हालत में सुधार होने की बजाय वह और भी खराब हो गई।



#### रायपुर रेफर, रास्ते में हुई मौत

जब संतोषी की हालत ज्यादा बिगड़ गई, तो जिला अस्पताल के कर्मचारियों ने परिजनों को उन्हें किसी बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन संतोषी को लेकर रायपुर के लिए निकले, लेकिन रास्ते में पलारी के पास ही उनकी मौत हो गई। इस दुखद घटना में उनका बच्चा भी जीवित नहीं रह सका। इस घटना के बाद संतोषी के परिवार में गहरा आक्रोश है। उन्होंने जिला अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर सही समय पर उचित इलाज मिलता, तो संतोषी और उनके बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने इस मामले की गहन जांच की मांग की है और न्याय की गुहार लगाई है।

# पिता ने दो बेटों के साथ मिलकर की दुकान में चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक पिता ने अपने दो नाबालिग बेटों के साथ मिलकर एक दुकान में चोरी की। यह घटना डोमन ट्रेडर्स में हुई और चोरी की पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता धर्मेंद्र बंजारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके दोनों नाबालिग बेटों को बाल गृह भेज दिया गया है। थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र बंजारे पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। इस बार उसने अपने बच्चों को भी इस अपराध में शामिल कर लिया। रात में वह अपने बेटों के साथ ग्राम वटगन चौराहा, कौवाडीह रोड स्थित डोमन ट्रेडर्स की दुकान के पीछे पहुँचा। उन्होंने दुकान की पीछे की दीवार में सेंध लगाई और अंदर घुसकर काउंटर से करीब 24,600 नकद चुरा लिए। सुबह जब दुकान संचालक ने टूटे ताले और दीवार देखी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। फुटेज में साफ दिखा कि धर्मेंद्र बंजारे अपने


▶▶ शेष पेज 11 पर




भाजपा सुहेला व हथबंध मंडल की संयुक्त बैठक में तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर हुआ मंथन

# प्रत्येक शक्ति केंद्र से निकाली जाएंगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुहेला और हथबंध मंडल की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा और योजना बनाना था। इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व, आपदा प्रबंधन, खेल और युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि इसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने की।

इस अवसर पर, भाजपा जिला मंत्री दौलत पाल, जनपद अध्यक्ष डॉ. मोहन वर्मा और जिला पंचायत सदस्य सुनीता वर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारा गौरव और स्वाभिमान है, जो देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, /"पहले तिरंगा सिर्फ सरकारी इमारतों पर फहराया जाता था, लेकिन अब हर नागरिक को इसे अपने घर पर फहराने का अवसर मिल रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इसका महत्व और भी बढ़ गया है। भाजपा जिला मंत्री दौलत पाल ने जानकारी दी कि 11 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रत्येक शक्ति केंद्र में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्होंने हर बूथ के हर घर में तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नए विचारों को अपनाने पर भी जोर दिया।



#### ये रहे शामिल

बैठक की शुरुआत सुहेला के भाजपा मंडल अध्यक्ष के स्वागत भाषण से हुई, जबकि कार्यक्रम का संचालन धनीराम साहू ने किया। इस बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा, ईश्वरी मार्कण्डेय, प्रेमलता वर्मा, कलीराम वर्मा, फुंदरु पाल, तिलक वर्मा, दीपक वर्मा, कुलदीपक वर्मा, भुवनेश्वर साहू, देवा धृतलहरे, होरिलाल वर्मा, कीर्ति वर्मा, डागेश्वरी वर्मा, सत्या जोगी और बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोर तिरंगा अभिमान के लिए भाजपा की बैठक हुई चर्चा



**सिमगा** । भाजपा मंडल सिमगा में मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा से हर घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रभक्ति की जन-क्रांति का स्वरूप ले चुका है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' केवल आज़ादी की गाथा नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रतीक है। उक्त बातें बैठक के मुख्य वक्ता कृष्णा अवस्थी महामंत्री भाजपा जिला बलौदाबाजार ने कही उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगे कहा कि मोर तिरंगा मोर अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकालने के साथ ही हर घर तिरंगा फहराने की बात कही। इस अवसर पर सिमगा मंडल के अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, भाजपा नेता अनिल पांडेय, धीरज जैन, छोटू यादव, कमलेश साहू सहित कार्यकर्तागण एवं बूथ के अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

# गर्मी के सीजन में खनन करने थे 100 नलकूप, मात्र 31 ही करा पाए अफसर, 598 हैंडपंप बंद भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई ग्रामों में गर्मी के सीजन में इस बार पेयजल की समस्या से बहुत ज्यादा रही। इसका कारण पीएचई विभाग के अफसरों की लापरवाही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही लोग जहां पूरी गर्मीभर 598 हैंडपंप बंद पड़े होने के कारण पेयजल की समस्या से जूझते रहे, वहीं दूसरी ओर इन ग्रामों में नलकूप का खनन करने में भी विभाग ने बड़ी लापरवाही बरती है।

इन ग्रामों में गर्मीभर पेयजल का संकट न गहराए, इस उद्देश्य से जिला पंचायत ने पीएचई विभाग को 100 नलकूप खनन का टारगेट दिया था। इस टारगेट के एवज में अफसर मात्र 30 प्रतिशत ही नलकूप का खनन करा पाएं है, जिसके कारण इन ग्रामों में रहने वाले परिवारों को गर्मीभर पेयजल की समस्या से परेशान होना पड़ा।

### सामान्य प्रशासन में गरमाया था मुद्दा

जिला पंचायत की सामान्य सभा में नलकूप का मुद्दे पर जमकर बहस हुई थी। इस मुद्दे पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदू सहित अन्य कई सदस्यों के अलावा विधायक अनुज शर्मा एवं गुरू खुशवंत साहेब ने भी नाराजगी जताकर पीएचई विभाग के अफसर को अपने प्रश्नों से घेरा था। दोनों विधायकों ने अफसर से कहा था कि अगर हर दिन दो नलकूप खनन किया जाए, तो भी एक माह में 60 नलकूप का खनन किया जा सकता है। इसके बाद भी अप्रैल से 15 जून के दौरान विभाग ने मात्र 31 नलकूप ही खनन किया है।

## पीएचई विभाग के अफसरों की लापरवाही आई सामने





**आरंग में सबसे ज्यादा हैंडपंप बंद**

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार जिले के चारों ब्लॉक में सबसे ज्यादा आरंग ब्लॉक में हैंडपंप बंद हैं। यहां सामान्य कारण से 34 तथा भू-जल स्तर सहित अन्य कारण से 130 हैंडपंप बंद हैं। इसी प्रकार अभनपुर में सामान्य एवं भूज-जल सहित अन्य कारण से 142, धरसींवा ब्लॉक में 135 तथा तिल्दा ब्लॉक में 157 बंद हैं। इसके अलावा सिंगल फेस पावर पंप में चारों ब्लॉक अंतर्गत कुल 137 बंद हैं।

### 598 में सामान्य कारण से 111 हैंडपंप बंद

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बंद हैंडपंपों में 111 सामान्य कारण से बंद पड़े हुए हैं। इन पंपों को सुधारा तक नहीं जा रहा है। इसी प्रकार गर्मी के सीजन में भू जल स्तर के नीचे जाने के कारण 487 हैंडपंप बंद हो गए थे। सूत्रों के अनुसार मानसून के आगमन के बाद बारिश होने से भू-जल स्तर बढ़ा है, जिससे बंद पड़े कुछ हैंडपंपों से पानी निकलने लगा है, लेकिन इनमें ज्यादातर अभी भी बंद हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 8165 हैंडपंप है, जिनमें 5 सौ से ज्यादा अभी भी बंद हैं।

### हैंडपंपों के भरोसे कई गांव

बारिश के सीजन में भी कई ग्रामों में शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है। जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर दिए गए नल कनेक्शन अभी तक कई ग्राम में शुरू नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण इन गांव के लोग हैंडपंप के भरोसे ही हैं। बारिश के सीजन में भूजल का स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण कई हैंडपंप से निकलने वाला पानी मटमेला हो जाता है, जिसे पीने के लिए ग्रामीण भी मजबूर हैं, क्योंकि शुद्ध पेयजल आपूर्ति का और कोई विकल्प नहीं है। इसे देखते हुए ही ऐसे गांव में नलकूप खनन का टारगेट पीएचई विभाग के अफसरों को मिला था, जिसे करने में वे विफल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गंगरेल जलाशय से पानी छोड़ने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कृषि एवं जल संसाधन मंत्री, कमिश्नर एवं कलेक्टर रायपुर, धमतरी को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा, वर्तमान में बारिश नहीं होने के कारण अभनपुर विधानसभा और रायपुर जिले में पानी की कमी हो रही है। किसानों ने अपने खेत में धान का बियासी एवं रोपाई का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। 10 प्रतिशत बियासी का कार्य बाकी है। पानी की कमी के कारण खेत सूखने लग गये हैं। सारे कृषि कार्य भी बंद पड़ा है एवं प्रभावित हो रहा है। गंगरेल जलाशय सहित विभिन्न जलाशयों में पानी का भराव पर्याप्त है। बारिश नहीं होने से चिंतित किसानों के लिए जलाशय से महानदी के मुख्य नहरों में पानी नही छोड़ा गया, तो किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने मांग की है कि महानदी मुख्य नहर से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाए।

### मंत्री नेताम ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसान कल्याण एवं आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने इस मौके पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नक्सल अभियान के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा नियद नेल्लानार अभियान के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनजातियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, नियद नेल्लानार योजना के तहत आदिवासी परिवारों और उनकी बसाहटों को शत-प्रतिशत संतृप्त किया जा रहा है।

### योगेश की बहनों से ऋचा ने बंधवाई राखी



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की धर्मपत्नी ऋचा जोगी ने रक्षाबंधन पर्व पर बीरगांव स्थित स्व. योगेश साहू के निवास पर उनके परिवार से भेंट की। उल्लेखनीय है कि योगेश साहू ने 21 जुलाई 2016 को बेरोजगारी से तंग आकर मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद अमित ने उनकी तीन बहन मंजू साहू, जानकी साहू और लक्ष्मी साहू को अपनी बहन बनाया, तब से उनके परिवार से जोगी परिवार का एक विशेष रिश्ता रहा है। अमित जोगी के प्रदेश से बाहर रहने के कारण, उनकी पत्नी ऋचा जोगी ने इस परंपरा को निभाया।

## पशुधन सुरक्षा, नस्ल सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा संबल

# साय ने कहा- गोधाम योजना से पशुधन संरक्षण नस्ल सुधार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गोधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी, बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गो-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित एवं घुमंतू गोवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गोसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्रोत उपलब्ध हो, जिससे ग्रामीण जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता आ सके। गोधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी मिल चुकी है। गोधाम योजना का उद्देश्य गोवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गो-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गोधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है।





### स्थापना के लिए जमीन की खोज

ऐसी शासकीय भूमि, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशुओं के शेड, पर्याप्त पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध हो, वहीं गोधाम की स्थापना की जाएगी। जिन गोठानों में पहले से अधोसंरचना विकसित है, वहां उपलब्धता के आधार पर गोठान से सटे चारागाह की भूमि को हरा चारा उत्पादन के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि आसपास की पंजीकृत गोशाला की समिति संचालन के लिए असहमति व्यक्त करती है, तो अन्य स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी या सहकारी समिति संचालन के लिए आवेदन कर सकेगी।

### एनएच के आसपास होंगे स्थापित

जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गोधाम स्थापित किए जाएंगे, जो पंजीकृत गोशालाओं से भिन्न होंगे। पहले चरण में छत्तीसगढ़ के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। जिला स्तरीय समिति प्राप्त आवेदनों का तुलनात्मक अध्ययन कर चयनित संस्था का नाम छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग को भेजेगी। मंजूरी के बाद चयनित संस्था और आयोग के बीच करार होगा, जिसके बाद गोधाम का संचालन उस संस्था को सौंपा जाएगा।

### चरवाहों को मिलेगा मानदेय

गोधाम योजना के तहत चरवाहों को 10,916 रुपए प्रतिमाह और गोसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही मवेशियों के चारे के लिए प्रतिदिन निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गोधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। योजना के लिए बजट, नियम और शर्तें तय कर दी गई हैं।

### पशुधन की सुरक्षा और गांवों में रोजगार बढ़ाएगी गोधाम योजना

मुख्यमंत्री ने कहा, गोधाम योजना से प्रदेश में पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और बड़ी संख्या में चरवाहों एवं गोसेवकों को नियमित आय का साधन मिलेगा। उन्होंने कहा, पशुओं की नस्ल सुधार कर उन्हें अधिक दूध देने और खेती-किसानी में पूरी क्षमता से उपयोग करने योग्य बनाया जा सकेगा। साथ ही जैविक खेती और चारा विकास कार्यक्रमों को भी गति मिलेगी, जिससे ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गांवों की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

# भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर जंगलों को बाहरी लोगों के हवाले कर रही : भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, उन्होंने आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते तमनार में लाखों पेड़ों की कटाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर जंगलों को बाहरी लोगों के हवाले कर रही है और आदिवासियों को उनके संसाधनों से वंचित कर रही है।

- भोजली महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सीएम

राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में भोजली महोत्सव के समापन कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को विश्व आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा, आज ही के दिन 'अंग्रेज़ों भारत छोड़ो' का नारा दिया गया था और भोजली महोत्सव प्रकृति के श्रृंगार का प्रतीक है। आदिवासी समाज हमेशा प्रकृति के साथ रहकर जीवन जीता है और इस तरह के पर्व हर साल पूरे उत्साह के साथ मनाए जाते हैं।

### बैज ने कहा- प्रदेश सरकार आदिवासी समाज का कर रही अपमान

लगातार दूसरे साल भाजपा सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस नहीं मनाया। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी आदिवासी समाज का अपमान कर रही है। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के गौरव और अस्मिता से जुड़ा हुआ है। आरएसएस अपनी संस्कृति को आदिवासी समाज पर थोपना बंद करे। आदिवासी समाज विश्व आदिवासी दिवस के दिन जो आयोजन करता है, उसमें सरकार अपनी भूमिका से स्पष्ट करे। कांग्रेस की सरकार के पांच साल में राज्य की पुरातन आदिवासी संस्कृति को दुनिया के सामने लाने का प्रयास हुआ। विश्व आदिवासी नृत्य महोत्सव जैसे आयोजन हुए, जिसके माध्यम से हम अपनी संस्कृति, खान पान दुनिया के सामने गौरव पूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

**राष्ट्रीय संगठन से मिल चुकी है मंजूरी, अब चार के स्थान पर तीन महामंत्री होंगे**

# भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम का ऐलान कभी भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान कभी भी हो सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से संभावित कार्यकारिणी को मंजूरी मिल चुकी है। दिल्ली में हुई बैठक में सबसे अहम महामंत्रियों के पदों को लेकर चर्चा हुई है। पिछली कार्यकारिणी में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अलावा चार महामंत्री रखे गए थे, लेकिन इस बार प्रदेश संगठन महामंत्री के अलावा तीन ही महामंत्री रखने का फैसला किया गया है। इनमें एक एससी और एक ओबीसी वर्ग का महामंत्री तो लगभग तय कर दिया गया है। अब एक और महामंत्री पर फैसला बाकी है। सामान्य वर्ग से भी दो नाम सामने आ रहे हैं, इसमें एक नाम पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और पूर्व विधायक रजनीश सिंह का है, लेकिन सामान्य वर्ग का अध्यक्ष होने के कारण सामान्य वर्ग से महामंत्री न रखने की बात भी सामने आ रही है। ऐसी स्थिति में एसटी वर्ग से कोई नाम सामने आ सकता है।

प्रदेश में भाजपा संगठन के जिलों के चुनावों के बाद किरण देव को 17 जनवरी को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बने किरण देव को सात माह हो गए हैं, लेकिन अब तक प्रदेश की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। किरण देव ने पहले कहा था मंडलों के बाद जिलों की कार्यकारिणी तय होने के बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। मंडलों की कार्यकारिणी तो बन गई है, इसी के साथ करीब एक दर्जन जिलों की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो चुका है। अब किरण देव की कार्यकारिणी को लेकर यह बात सामने आ रही है कि उनकी कार्यकारिणी का ऐलान कभी भी हो सकता है।



### मोर्चा अध्यक्षों पर भी चर्चा

प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही सात मोर्चा के अध्यक्ष भी घोषित किए जाते हैं। इन मोर्चा में सबसे अहम भाजयुमो, महिला और किसान मोर्चा है। भाजयुमो की अहमियत सबसे ज्यादा रहती है। इस मोर्चा के लिए आधा दर्जन नामों पर मंथन किया गया है। इसी के साथ दूसरे मोर्चा के लिए भी अध्यक्षों के नाम लगभग फाइनल हैं। भाजपा के प्रदेश मीडिया विभाग में भी फेरबदल होने की बात सामने आ रही है। प्रदेश के प्रवक्ताओं में भी फेरबदल होगा। कुछ प्रवक्ताओं को प्रमोट करके प्रदेश मंत्री बनाया जा सकता है। इसी के साथ वर्तमान में जो दो महामंत्री रामजी भारती और भरत वर्मा हैं, उनको उपाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है।

### राष्ट्रीय संगठन से मिल चुका है अनुमोदन

दिल्ली में इस माह के पहले ही दिन भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की प्रदेश संगठन को लेकर बड़ी बैठक हुई थी। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश संगठन के महामंत्रियों को लेकर मंथन किया गया। जानकारों का कहना है कि एससी वर्ग से पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय और ओबीसी वर्ग से सरगुजा संभाग के अखिलेश सोनी का नाम लगभग फाइनल हो गया है। तीसरा नाम अभी फाइनल नहीं है। वैसे सामान्य वर्ग से भी दो नाम एक राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और एक बिलासपुर संभाग के रजनीश सिंह का नाम भी लिया जा रहा है। लेकिन जानकारों का यह भी कहना है कि सामान्य वर्ग को लेकर एक पेंच फंसा हुआ है, क्योंकि सामान्य वर्ग से ही किरण देव अध्यक्ष हैं। ऐसे में संभव है कि सामान्य वर्ग से महामंत्री न बनाया जाए। तीसरे महामंत्री को लेकर लगातार मंथन भी चल रहा है। जानकारों का कहना है कि तीसरे महामंत्री का नाम भी लगभग फाइनल है, लेकिन इसका खुलासा नहीं किया जा रहा है।

# टोकन से होटल में जुआ, आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार, पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आधा दर्जन जुआरियों को होटल में जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 31 हजार रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने जिन जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है, उनमें से एक आदतन जुआरी योगेश अग्रवाल पूर्व में जुआ खेलते 40 बार गिरफ्तार हो चुका है।

पुलिस ने होटल स्वास्तिक में छापा मारकर जुआ खेलते गुढ़ियारी, रामनगर निवासी योगेश अग्रवाल, खम्हारडीह निवासी योगेश साहू, तेलंगाना, हैदराबाद निवासी परमानंद चमेडिया, समता कालोनी निवासी सतीश अग्रवाल, विधानसभा, आमासिवनी निवासी गोपाल महेश्वरी, डीडीनगर, गोल चौक निवासी सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी जुआरी कारोबारी हैं।

कैसीनों में जिस तरह से पैसे के बदले क्वाइन दिए जाते हैं, कुछ उसी तरह से टोकन से होटल के एक कमरे में जुआ खेला जा रहा था। अलग-अलग कलर के टोकन की कीमत तय होती है। खिलाड़ी जब जुआ खेलने पहुंचते हैं, तो जुआ संचालक द्वारा पैसे के बदले टोकन दिया जाता है। उसी टोकन के बदले वह जीत हार में दांव लगाता है। जुआरी यह सब पुलिस से बचने के लिए करते हैं। इस वजह से पुलिस की रेड पड़ने पर नकदी रकम की बरामदगी कम होती है।

# गृहमंत्री, वनमंत्री को आत्मसमर्पित माओवादी बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दंतेश्वरी फाइटर्स से जुड़ी आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों ने शनिवार को दंतेवाड़ा में गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का संदेश दिया। मंत्री द्वय ने इस मौके पर कहा कि हम सब यहां एक ऐसे अद्भुत और प्रेरणादायी क्षण के साक्षी हैं, जहां हमारी बहनों ने नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर विकास की मुख्यधारा का मार्ग अपनाया है। ये वही बहनें हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों और संघर्षों को पार करते हुए समाज में सम्मान और शांति के साथ जीवन यापन का संकल्प लिया है। गृमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जो भी बहनें आज भी भटकाव के उस रास्ते पर हैं, यदि वे मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लेंगी, तो पूरा समाज उन्हें खुले हृदय से अपनाएगा। हम उन्हें बहन का स्थान देंगे, उनकी सुरक्षा और सम्मान की पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे, और उनके जीवन यापन के लिए हर संभव सहायता करेंगे। रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, अपनापन और एक-दूसरे की सुरक्षा का संकल्प है।

- गृहमंत्री बोले- दंतेश्वरी फाइटर्स बहनों का शौर्य अन्य बहनों के लिए अनुकरणीय



इन बहनों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है, वह मेरे लिए अविस्मरणीय है। सरकार इन बहनों और बस्तर के हर नागरिक के जीवन में शांति, सम्मान और समृद्धि लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। इस दौरान गृहमंत्री एवं वन मंत्री और जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सर्किट हाउस परिसर में पौधरोपण किया।

## सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर समेत कई जिलों में सेंट्रल लाइब्रेरी

# 34 नए नालंदा परिसर बनेंगे, नगरीय प्रशासन विभाग ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार 34 नए नालंदा परिसर बनाने जा रही है। ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे, बल्कि दूरस्थ वनांचलों के सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है। इन सेंट्रल लाइब्रेरीज-सह-रीडिंग जोन्स से प्रदेशभर के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी पुस्तकें भी मिलेंगी। प्रदेश के हर वर्ग के युवाओं के करियर निर्माण में ये लाइब्रेरीज काफी मददगार और अहम साबित होंगी। इन सर्वसुविधायुक्त, अत्याधुनिक लाइब्रेरी में युवाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा मिलेगी।

### सभी सुविधाएं मुहैया कराने प्रतिबद्ध- साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर में नालंदा परिसरों के विस्तार के बारे में कहा, सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वसुविधायुक्त ये लाइब्रेरियां उच्च शिक्षा हासिल कर रहे तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को उत्कृष्ट अध्ययन सामग्री भी प्रदान करेंगी।



**दस शहरों में 500 सीटर और 22 में 250 सीटर लाइब्रेरी बनेंगी :** दस नगरीय निकायों में 500 सीटर और 22 शहरों में 250 सीटर लाइब्रेरी बनाए जाएंगे। दुर्ग, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर, बिलासपुर और भिलाई नगर निगम तथा जशपुर, लोरमी एवं गरियाबंद नगर पालिका में 500-500 सीटर नालंदा परिसरों का निर्माण किया जाएगा। वहीं धमतरी और चिरमिरी नगर निगम, कवर्धा, जांजगीर-नैला, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कांकेर, नारायणपुर, बलरामपुर, मुंगेली, खैरागढ़, सक्ती, पेंड्रा, सारंगढ़, सूरजपुर, बैकुंठपुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा नगर पालिका तथा कुनकुरी, बसना और अंबागढ़-चौकी नगर पंचायत में 250-250 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन बनाए जाएंगे।

### रायपुर में अभी तीन लाइब्रेरी संचालित, दो और बनेंगी

राजधानी रायपुर में अभी तीन सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन संचालित हैं। इनमें एक हजार सीटर नालंदा परिसर-सह-ऑक्सी रीडिंग जोन, 800 सीटर तक्षशिला सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-स्मार्ट रीडिंग जोन और 500 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी शामिल हैं। रायपुर में जल्दी ही एक हजार सीटर और 500 सीटर नई लाइब्रेरी का काम प्रारंभ होगा।

### युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सपनों को उड़ान देने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिले, इसके लिए हम अलग-अलग क्षेत्र के शहरों में नालंदा परिसरों का निर्माण कर रहे हैं। ये नालंदा परिसर सिर्फ इमारत नहीं, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद हैं।

# धूमधाम से मनाया भोजली, महानदी में हुआ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

रक्षाबंधन के अगले दिन, रविवार को गिधौरी, शिवरीनारायण और टुंड्रा सहित पूरे क्षेत्र में भोजली पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बाजे-गाजे और भजन-कीर्तन मंडलियों के साथ देर शाम तक महानदी के त्रिवेणी संगम में भोजली का विसर्जन किया गया। कुछ गाँवों में तालाबों में भी विसर्जन हुआ। यह भी मान्यता है कि जिस दिन भोजली विसर्जन के लिए गाँव-गाँव में महिलाएं और बच्चे भ्रमण करते हैं, उसी तरह गिधौरी में रक्षाबंधन के एक दिन बाद भोजली का विसर्जन किया जाता है। भोजली विसर्जन के बाद, घरों में भोजली का वितरण किया गया। भोजली पर्व को पारंपरिक रूप से मनाया जाता है और इस दौरान छत्तीसगढ़ के लोकगीत गाए जाते हैं। बुजुर्गों के अनुसार, भोजली वास्तव में गेहूं से निकला हुआ पौधा होता है, जिसे देवी का रूप माना जाता है। अच्छी सेहत और अच्छी फसल की कामना के लिए इस पौधे की पूजा की जाती है। यह पर्व नौ दिनों तक चलता है, जिसमें भजन-कीर्तन के साथ लोकगीत गाए जाते हैं, जिन्हें भोजली गीत कहा जाता है। इन गीतों में से एक प्रसिद्ध गीत है, देवी गंगा, देवी गंगा, लहर तिरंगा हो लहर तिरंगा, हमरो भोजली दाई के भिगे आठों अंगा आहो देवी गंगा। विसर्जन के दिन, पूरे गांव के लोग अपने सिर पर भोजली रखकर एक साथ नदी जाते हैं और भोजली गीत गाते हैं। नदी पर, वे गांव की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं, नारियल फोड़ते हैं और फिर भोजली का विसर्जन करते हैं। विसर्जन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया जाता है।



## खबर संक्षेप

### रवान में पाइप बिछा पर गड्ढे हैं खुले



**रवान**। ग्राम रवान में नल जल योजना के ठेकेदार ने पाइप बिछाकर पिछले 2 महीने से गड्ढों को बिना भरे छोड़ दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गड्ढों में बरसात का पानी भरने के बाद गली से होकर आने जाने वाले लोग पानी भर होने के कारण गड्ढे में रोज गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका है। जितु पटेल, युवराज सेन, रोहित वर्मा, महेश्वर साहू आदि ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढों से निकाली गई ये मिट्टी को भी बाहर नहीं फेंक कर घरों के दीवारों में डाल दिया गया है, वहीं काम होने के बाद कांक्रीट किए जाने वाले रेती गिट्टी को भी संकरी गलियों में खाली करवा कर छोड़ दिया गया हैं। जिससे बारिश का पानी जाम होकर लोगों के घरों में घुसने लगा है। लोगों ने पीएचई विभाग से तत्काल गड्ढों को भरवाने का मांग की है।

### शहीद स्मारक में 15 अगस्त की तैयारी

**महासमुंद**। सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शहीद स्मारक में जा रही है। इस दिन शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहीद स्मारक में साफ सफाई की जा रही है।

### क्षेत्र में मनाया गया इतवारी त्योहार

**नर्रा**। क्षेत्र में एक भादो माह लगते ही रविवार को दूसरा इतवारी त्योहार किसानों ने मनाया। इस दिन खेती कार्य बंद रख कर इसे भगवान त्योहार के रूप मनाया जाता है। इस दिन किसान सुबह नहा धोकर धूप अगरबत्ती व चावल आटे से बने चीला लेकर खेत की ओर जाते है और अन्न माता की पूजा अर्चन कर अच्छी फसल की कामना करते है।

## पर्व : पवित्र संकल्पों के बंधन में खुद को बांधने का त्योहार

# रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन।

ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा रक्षाबंधन का पर्व बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने ग्राम पंचायत हिरमी के सरपंच, पंचायत सचिव सहित समस्त पंचगणों को रक्षासूत्र बांधा और व्यसनों को त्याग प्रतिदिन ध्यान करने की अपील की। इसके अतिरिक्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच हिरमी, पोस्ट ऑफिस, हिरमी तथा सुहेला के स्वास्थ्य केंद्र और थाना सुहेला के समस्त स्टाफ और हिरमी, सुहेला के गणमान्य लोगों को स्नेह सूचक रक्षासूत्र बांधा। राखी के अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के ट्रक यार्ड में चालकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त ट्रक चालकों को रक्षा सूत्र बांधा गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ राखी बांधने का त्यौहार नहीं है, लेकिन यह पवित्र संकल्पों के बंधन में खुद को बांधने का त्यौहार है। जो अपनी आंतरिक बुराइयों व व्यसनों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखते हैं वही सच्चा वीर हैं। व्यसन मुक्त बनने के लिए प्रतिदिन ध्यान करना आवश्यक है। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के लॉजिस्टिक विभाग के HOD रत्नेश शुक्ला सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सबने व्यसन मुक्त, सद्गुण मय जीवन जीने का संकल्प दोहराया।



### खरोरा में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

**खरोरा**। भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन पूरे नगर में हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में काफी चहल-पहल देखने को मिली। राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिससे त्यौहार की रौनक और भी बढ़ गई थी। सुबह बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों के घर जाने के लिए निकलीं। बस अड्डे, टैक्सी स्टैंड और ऑटो स्टैंड पर महिलाओं और बच्चों की भीड़ से रौनक छाई रही। दिन के पहले पहर में बाजार पूरी तरह गुलजार थे और दुकानदार ग्राहकों को सेवा देने में व्यस्त दिखे। मिठाई की दुकानों पर लंबी कतारें लगी थीं, तो वहीं गिफ्ट और अन्य सामान की दुकानों पर भी खूब खरीदारी हुई। यह त्यौहार खरोरा, केसला, तुलसी, मुड़पार, माठ, मुरा, बेलदार सिवनी, बुड़ेनी, मोहरेंगा और आसपास के सभी गांवों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र व खुशहाली की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।



### पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम ने बहनों को उपहार में दिया पौधे

**पलारी**। पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न राज्यों में काम कर रही टीम ने भाई बहन के अटूट रिश्ता प्रेम समर्पण विश्वास के परम्परागत त्यौहार राखी को अनोखा रूप देते हुए बहनों ने भाई के कलाई में रक्षासूत्र बांधे इस विश्वास से की भाई उम्रभर उसकी सुरक्षा सुख दुख में भागीदारी रहेंगे,पेड़ नही हम प्राण लगबो टीम के भाइयों ने बहनों को उपहार के साथ पौधा उपहार दिए और कहा जिस तरह भाई बहन एक दूसरे से प्रेम करते है उसी तरह वृक्ष को राखी बांधने से प्रकृति हमारी रक्षा प्राण दायनी वायु प्रदान कर करती है । ग्राम पैजनिया से पवन कुमार जायसवाल, मनमोहन दास वैष्णव, अशोक साहू, विनय कश्यप एवं टीम ग्राम कौड़ियां से इंद्रकुमार वर्मा, टेकारी से उत्तम वर्मा, देवसुंदरा से डाकेश्वर वर्मा, दावनबोड से गोविंद वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, भोजेंद्र वर्मा, रक्षाबंधन त्यौहार के साथ वृक्षाबंधन का त्यौहार भाई बहन के सहयोग से मनाने की शुरुआत की जिससे प्रकृति के प्रति प्रेम सम्मान संरक्षण पेड़ पौधों की रक्षा पर्यावरण की ओर कदम बढ़ाया जा सके टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार हर राष्ट्रीय पर्व एवं अन्य त्यौहार जन्मदिन दशगात्र कार्यक्रमों में भी पौधारोपण कर समाज को अनोखा संदेश देता रहा है।



# परसापाली की भोजली स्पर्धा में केजा बाई समूह प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत परसापाली में कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी रविवार को साहडा देव चौक में जय भोले जन सेवा समिति के तत्वाधान में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें 10:00 बजे साहडा देव के पास कार्यक्रम स्थल पर साज समाज के साथ टोकनी सजाकर पहुंच कर अपना नाम दर्ज कराया गया, जिसमें कॉल 28 प्रतिभागी भाग लिए आयोजक समिति द्वारा निरीक्षण करते हुए अंक के आधार से प्रतिभागियों का चयन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार के द्वारा ग्राम वासियों को 300000 देने की घोषणा की किया गया और भोजली प्रतियोगिता में हुए खर्च के लिए 10000 नगद दिया गया। वहीं जनपद सदस्य शिव वर्मा जनपद सदस्य के द्वारा 200000 देने की घोषणा किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र, मोनू साहू, भुवनेश्वरी, हेमंत यादव, सरपंच सरिता जयसवाल, प्रदेश कार्य समिति महिला मोर्चा भरत दास मानिकपुरी, पंकज घृतलहरे, सरपंच विशवा कुमार पटेल, सरपंच सोमनाथ पटेल, सरपंच रामनाथ यादव, पूर्व सरपंच अनुपम बाजपेई, भाजपा लवन मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी मानिकपुरी, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमलता, योगेश भारद्वाज उप सरपंच परसापाली की उपस्थिति में भोजली प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम 5555 रुपया व.शील्ड केजा बाई समूह, दूसरा इनाम 4444 रुपया शील्ड शामकुवर समूह, तीसरा इनाम 3333 रुपए शील्ड हीरा कलि समूह, चतुर्थ ईनाम 2222 रुपया शील्ड शकुंतला समूह को प्रदान किया गया व सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया गया, जिसमें सम्मिलित जय भोले जन सेवा समिति के अध्यक्ष लालजी राव, उपाध्यक्ष डिगेश यादव, सचिव मनीराम, कोषाध्यक्ष शिवचरण, सदस्य मनीष यादव, तोरण वर्मा, टेकराम, राजकुमार, महेश्वर, निलेश, दयाराम, ग्रामवासी तुलाराम, तेजू, रवि, नारायण, अर्जुन, नरोत्तम, गुरुदयाल, बलदेव, मोरध्वज, शिव नोखाराम सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

■ परसापाली में धूमधाम से हुआ भोजली महोत्सव का आयोजन

### सावन माह में गांवों में हुए विविध आयोजन

**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम मोहदा एवं अरंड में सावन मास पर विविध कार्यक्रम हुए। भगवान भोलेनाथ की भक्ति में पूरा अंचल डूबा रहा। भक्तगण कांवर यात्रा निकाली। प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा अर्चना की गई। ग्राम अरंड में नियमिति रामचरित मानस का पाठ का आयोजन किया गया। वहीं भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की गई। एक माह तक शिव भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। बाद बाजे गाजे के सरथ शिव प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान कामता प्रसाद यादव, अमरजीत, अजय, छविराम, रुपेश, ओम लता, मनीष आदि मौजूद रहे।

# नदी में बालक के डूबने की आशंका, तलाश है जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शिवनाथ नदी किनारे बसे ग्राम कुमहरखान के 7 वर्षीय बालक किशन पिता रामप्रसाद रविवार को सुबह करीबन 10 नदी में नहाने के दौरान डूब गया है जिसका नदी में पतासाजी किया जा रहा है। ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट ने जानकारी देते बताया घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौजूद हो कर बालक का पतासाजी किया जा रहा है खोजी दस्ता मोटरबोट के सहारे लापता बालक की तलाश की जा रही है घटना की जानकारी के बाद बडी संख्या मे ग्रामवासी नदी के किनारे पहुंच गये ज्ञात हो कि बारिश का मौसम होने के कारण नदी मे पानी लबालब भरा हुआ है और नदी का बहाव भी तेज है पुलिस व खोजी दस्ता लगातार उक्त बालक की पतासाजी मे जुटे हुए है ।

## निःशुल्क नाक कान गला रोग जांच परामर्श शिविर आज

**बसना**। अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 11 अगस्त 2025 को निःशुल्क नाक, कान, गला रोग जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. महेंद्र धनवे एमएस ईएनटी सर्जन द्वारा नाक कान गला से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क जांच एवं परामर्श किया जाएगा। शिवरि में नाक कान गला से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क जांच एवं परामर्श, टांसिल का बढ़ना, आवाज में परिवर्तन, मुंह एवं गले के कैंसर, नाक की तिरछी हड्डी, नाक में मस्सा, होना, कान के पर्दे में छेद, बहरापन, कान से मवाद आना इत्यादि बीमारियों का इलाज किया जाएगा।

# शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी लिखने वाली इंदु को दिल्ली से स्वतंत्रता दिवस समारोह का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा

ग्राम पंचायत ठेलकी विकासखंड व जिला बलौदाबाजार की युवा लेखिका इंदु वर्मा को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह निमंत्रण पत्र उन्हें 2 मई 2025 को प्राप्त हुआ है। इंदु वर्मा 12 अगस्त को रेल मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। इंदु वर्मा छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सोनाखान के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह की संपूर्ण जीवनी की लेखिका हैं। उनकी यह पुस्तक सोनाखान के सपूत शहीद वीर नारायण सिंह राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत द्वारा प्रकाशित की गई है। इससे पहले उन्हें राष्ट्रपति भवन में महामहिम से मिलने का भी अवसर मिल चुका है।





गौरतलब है कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री की युवा लेखक मेंटरशिप योजना के तहत प्रकाशित हुई है। इस योजना के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले अल्पज्ञात सेनानियों की जीवनी पर देशभर से लेख आमंत्रित किए गए थे। 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में आयोजित इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में लगभग 16,000 प्रतिभागी शामिल हुए थे, जिनमें से केवल 75 लेखकों का चयन हुआ। इंदु वर्मा का नाम भी इन्हीं में शामिल है, जो बलौदाबाजार जिले के लिए गर्व की बात है।

### ऐतिहासिक उपलब्धि

इस योजना के तहत चयनित लेखकों को छह माह तक प्रतिमाह 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति और तत्पश्चात पुस्तक की कीमत का 10 प्रतिशत आजीवन रॉयल्टी दी जाती है। चयनित लेखकों को प्रतिष्ठित साहित्यकारों और विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का भी अवसर मिला। शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी के प्रकाशन से लेकर राष्ट्रपति से मुलाकात और अब स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर इंदु वर्मा की साहित्यिक यात्रा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ रहा है।

## पेज 9 के शेष

### आदिवासी संस्कृति एवं...

महिलाओं युवतियों, द्वारा अपनी संस्कृति को हमेशा कायम रखने आदिवासी परम्परा के अनुसार अपनी वेशभूषा पोशाक धारण किए हुए थे। इस दौरान बुढ़ा देव बुढी दाई के जयकारा लगाते हुए एवं टोलियों के साथ महिलाओं द्वारा मांदर की थाप पर कर्मा गीत में नृत्य करते हुए सुआ गीत गाते हुए गांव के चौक चौराहो से होते हुए एवं समाज के सगा जन ध्वजा लहराते हुए । बुढ़ा देव, बूढ़ी दाई की जय के जयकारों से गुंजायमान हो गया। शोभा यात्रा में महिलाओं पुरुषो के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। गांव भ्रमण करने के उपरांत आदिवासी समाज के भवन में आयोजित कार्यक्रम का मंच संचालन डोमार नेताम ने किया।

### पिता ने दो ...

बेटों के साथ चोरी कर रहा है। पुलिस ने तकनीकी सबूतों और तेजी से की गई कार्रवाई के आधार पर कुछ ही घंटों में आरोपी पिता और उसके दोनों बेटों को पकड़ लिया। चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली गई है।

## मुड़पार में तुलसीदास जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# तुलसीदास ने अपने जीवन को प्रभु श्रीराम की भक्ति में किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

हिरमी के समीप ग्राम मुड़पार में तुलसीदास जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई और रामचरितमानस का संगीतमय पाठ किया।

इस विशेष अवसर पर, ग्राम मुड़पार के निवासियों व अतिथियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर तुलसीदास जी की जयंती मनाई और रामचरितमानस का संगीतमय पाठ करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि महिला आयोग के सदस्य पूर्व जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, अध्यक्षता डॉ. मोहन लाल वर्मा सभापति उद्योग एवं सहाकारिता समिति जिला पंचायत बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि ब. बा. के पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद पंचायत सिमगा मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे, जनपद पंचायत सिमगा के जनपद अध्यक्ष दौलत पाल जनपद उपाध्यक्ष, गोपाल शुक्ला गाँव के प्रथम नागरिक मुड़पार सरपंच निर्मला किरीत निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ कुशल वर्मा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष द्वारिका वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय रामायण कलाकार वीणा साहू, जिला मानस संघ के संस्थापक माननीय, पुहुप राम यदु, अनिल बघेल, एम डी वैष्णव, सालिक राम वर्मा, प्रभा ध्रुव, मणि सिंह ठाकुर, लीलू राम मरावी, राजेश दास मानिकपुरी थे।



### श्रीराम का आदर्श चरित्र करोड़ों लोगों के जीवन का पथदर्शक

डॉ. मोहन लाल वर्मा ने तुलसीदास को नमन करते हुए कहा तुलसीदास जी ने अपने जीवन को भगवान श्रीराम की भक्ति में समर्पित कर दिया। वे सगुण रामभक्ति के प्रमुख स्तंभ माने जाते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती के आशीर्वाद से उन्हें राम दर्शन की अनुभूति हुई। उन्होंने भक्ति को जीवन की सबसे बड़ी साधना माना और अपने लेखन से लोगों को उस पथ पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी भक्ति ने उन्हें एक साधारण कवि से संत बना दिया। उन्होने कहा रामचरितमानस' गोस्वामी तुलसीदास जी की कालजयी रचना है। यह वाल्मीकि रामायण का सरल और सरस हिंदी रूपांतरण है, जिसे उन्होंने अवधि भाषा में लिखा ताकि साधारण जन भी भगवान राम की लीलाओं को समझ सकें। यह ग्रंथ भक्ति, मर्यादा, धर्म, प्रेम, त्याग और आदर्श जीवन का अद्भुत संगम है। श्रीराम का आदर्श चरित्र आज भी करोड़ों लोगों के जीवन का पथदर्शक है। सभी अतिथियों ने बाबा गोस्वामी जी की जीवन की बखान किया। गांव के समस्त ग्रामवासी जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक कथा श्रवण कर बाबा तुलसीदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# जारा में हर घर तिरंगा व स्वच्छता अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

श्री सिद्धेश्वर, श्रीनाथ धाम जारा में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें ग्राम पंचायत जारा जनपद पंचायत पलारी द्वारा तिरंगा यात्रा एवं स्वच्छता अभियान रैली सिद्धेश्वर धाम जारा के प्रत्येक मोहल्ले से गुजरते हुए ऐतिहासिक हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता जन जागरूकता अभियान की रैली निकाली गई एवं स्वच्छता का शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव थे, उनके साथ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज आडिल, भाजपा संडी मंडल के अध्यक्ष मिथिलेश, मुकेश साहू, जनपद पंचायत के सीईओ पन्नालाल धुर्वे, स्वच्छता प्रभारी रजनीकांत बंजारे, महेंद्र साहू, पप्पू वर्मा, डागेश्वर वर्मा, सुधे राम वर्मा, ग्राम पंचायत जारा के सरपंच रामायण कुमार धीवर, उपसरपंच हेमशंकर साहू, सचिव संतोष कनौजे, पंचगण शंभू लाल वर्मा, जितेंद्र धीवर, गिरिराज बंजारे, संदीप धुरंधर, सविता वर्मा, गायत्री वर्मा, संगीता डहरिया, यशोदा साहू, सुनीता ध्रुव, नैना डड़सेना, अनीता निर्मलकर, हेमकुमारी ध्रुव, पार्वती तुरकाने, प्राचार्य राजपूत एवं ग्रामीण अदि उपस्थित थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 अगस्त 2025 SHOW TIME
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय - 12,3,6,9 PM
अंदाज - 2
शो समय - 12 PM,6 PM
उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल मर्डर
शो समय - 3 PM
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 9 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# रवान-मुढीपार मार्ग जर्जर, गहरे गड्ढों से बढ़े हादसों के खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रवान

रवान से मुढ़ीपार जाने वाली सड़क पिछले कई सालों से खराब हालत में है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। रात के समय स्ट्रीट लाइट न होने के कारण यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है। इस सड़क पर 6-7 क्रेशर प्लांट हैं, जहाँ से रोज़ाना ओवरलोड हाईवा ट्रक गुजरते हैं। इन ट्रकों से उड़ने वाली धूल और धुआँ रवान, कुकुरदी और मुढ़ीपार के निवासियों के लिए स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी आते-जाते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के कई बड़े नेता रहते हैं, लेकिन किसी ने भी सड़क की मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। यहाँ तक कि जिला प्रशासन के अधिकारी और सीमेंट प्लांट के प्रबंधक भी इसी रास्ते से आते-जाते हैं, फिर भी सड़क की हालत को अनदेखा किया जा रहा है।राकेश वर्मा, रवि, बरसाती वर्मा और सोनू जैसे ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और सीमेंट प्लांट प्रबंधन से तुरंत सड़क की मरम्मत या नया निर्माण कराने की मांग की है।

■ सड़क पर ओवरलोड ट्रकों का कहर

## ग्रामीणों ने तत्काल सड़क मरम्मत करने की मांग की





### सड़क की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि सीमेंट प्लांट प्रबंधन भी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत विकास कार्य करने का दावा करता है, लेकिन इस महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। बरसात के बाद सड़क की हालत और भी खराब हो गई है, जिससे वाहनों के खराब होने का खर्च बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महसमुंद।** ग्राम गिरना के रंगमंच के पास मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सत्यप्रकाश गड़तिया ने बताया कि 9 अगस्त की शाम करीबन 6 बजे वह अपने ग्राम गिरना के दुर्गा रंगमंच में बैठा था, उसी समय गांव के गुंडा बरिहा ने आकर पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर बांस के डंडे से मारपीट की।

### प्याले में कम शराब डाली, दामाद ने साले से की मारपीट

**महासमुंद।** शराब की कम-ज्यादा मात्रा को लेकर दामाद ने अपने साले से मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को मखियारिन पटेल निवासी रानीसागर पारा पिथौरा ने बताया कि 9 को रक्षाबंधन त्योहार होने से शाम करीबन 5 बजे घर में उसका छोटा दामाद भोगसिंग पटेल एवं छोटा बेटा कृष्णा पटेल दोनों बैठकर आंगन में शराब पी रहे थे, इसी बीच शराब कम-ज्यादा हो जाने की बात को लेकर दामाद भोगसिंह ने गाली गलौज कर शराब की शीशी से कृष्णा पटेल के सिर में मारकर चोट पहुंचाया है।

### नयापारा में काली मंदिर के पास मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमंद।** दलदली रोड नयापारा में काली मंदिर के पास एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूरज कुमार ढाडी 9 अगस्त को अपने घर जा रहा था, और उसके पीछे उसका चाचा बंधन राम ढाडी भी अपनी मोटर सायकल से जा रहा था। दोपहर करीब दो बजे काली मंदिर के पास दलदली रोड नयापारा पहुंचे थे, उसी समय वहां पर पहले से मौजूद सन्नी ठाकुर ने बंधन राम को देख कर रोका और गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की। सूरज और बंधन थाना परिसर पहुंचे थी तभी घर से फोन आया कि सन्नी ठाकुर और उसका भाई विक्की और राजा ठाकुर व नत्था सभी घर के पास आकर गाली गलौज कर रहे हैं।

## निधन

### मोतीराम साहू




**पलारी ।** ग्राम सर्रा निवासी मोतीराम साहू (77) का स्वर्गवास हो गया। वे मोजीराम साहू के भाई तथा देवेंद्र साहू और गुरुचरण साहू के पिता थे। दिवंगत के अंतिम संस्कार में कार्तिक साहू, देवा साहू, साजन साहू, विष्णु साहू, नागेश साहू, ग्रामीण भूषण वर्मा, गोपाल वर्मा, सीतू वर्मा, छन्नू वर्मा, नोहर, बसंत सहित स्वजातीय व ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## समस्या : पिछले दो हफ्तों से बारिश नहीं होने के कारण धान के खेतों में आई दरारें

# धान की फसल पर सूखे का संकट गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार


इस साल मानसून की बेरुखी ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो हफ्तों से बारिश नहीं होने के कारण धान के खेतों में दरारें पड़ गई हैं और फसलें पीली पड़कर मुरझाने लगी हैं। किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत बर्बाद हो रही है और उन्होंने प्रशासन से तुरंत गंगरेल बांध से नहरों में पानी छोड़ने की मांग की है। किसानों की चेतावनी है कि अगर एक हफ्ते के भीतर पानी नहीं मिला तो इस साल पैदावार में भारी कमी आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त महीने में बलौदाबाजार में औसतन 465.86 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस साल स्थिति बिल्कुल उलट है। पिछले 15 दिनों से जिले में अच्छी बारिश नहीं हुई है। कई गांवों में तो बादल भी नहीं दिखे, जिससे खेतों की नमी पूरी तरह खत्म हो गई है।





### किसानों की बढ़ी मुश्किलें

पलारी तहसील के दतान गांव के किसान कुश अग्रवाल ने बताया कि पहले खाद की समस्या से परेशान थे और अब बारिश न होने से 50% से ज्यादा खेत सूख चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसान पंप लगाकर सिंचाई कर रहे हैं, जिससे डीजल और बिजली का खर्च बहुत बढ़ गया है। यह खर्च छोटे किसानों के लिए बहुत बड़ा बोझ बन गया है।



### गंगरेल बांध से पानी ही एकमात्र उम्मीद

किसानों का मानना है कि गंगरेल बांध से तुरंत पानी छोड़ा जाए तो बलौदाबाजार, पलारी, सुहेला, लवन और भाटापारा तहसील के करीब 350 गांवों की फसल को बचाया जा सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले सालों में भी ऐसी स्थिति में बांध से पानी छोड़ा गया था, जिससे हजारों किसानों को फायदा हुआ था। इस बार भी किसान ऐसी ही उम्मीद कर रहे हैं। किसानों ने साफ कहा है कि अगर अगले सात दिनों में पानी नहीं मिला तो उनकी मेहनत और फसल दोनों बर्बाद हो जाएंगे, और उन पर कर्ज का बोझ भी बढ़ जाएगा।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 14 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर अब 14 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिले के सभी कृषकगण खरीफ मौसम में फसल बीमा के लिए आवेदन कर सकते है। राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि, बादल फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान अंसिचित एवं अन्य फसल मक्का, सोयाबीन, अरहर, उड़द एवं कोदो फसलों का बीमा करा सकते हैं। मुख्य फसल में बीमा ईकाई ग्राम तथा अन्य फसल में बीमा इकाई राजस्व निरीक्षक मण्डल निर्धारित किया गया है। जिस किसान का अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत हुआ है उनका अनिवार्य रूप से बीमा किया जाएगा। इसके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर अऋणी किसान योजना में भाग लेंगे। खरीफ मौसम के लिए बीमा राशि निर्धारित किया गया है। कुछ सीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम के रूप में देय होगा। धान सिंचित हेतु बीमांकित राशि 60 हजार का प्रीमियम राशि 480 रुपये प्रति एकड, धान असिंचित हेतु 45 हजार का प्रीमियम राशि 360 रुपये प्रति एकड़, मक्का हेतु 46 हजार का प्रीमियम राशि 368 रुपये प्रति एकड, सोयाबीन हेतु 44 हजार का प्रीमियम राशि 352 रुपये प्रति एकड़, कोदो हेतु 18 हजार का प्रीमियम राशि 144 रुपये प्रति एकड़, अरहर हेतु 42 हजार का प्रीमियम राशि 336 रुपये प्रति एकड, उड़द हेतु 25 हजार का प्रीमियम राशि 200 रुपये प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है।

# सिमगा अंचल में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**सिमगा ।** भाई बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व जो अंचल में शनिवार श्रावण पूर्णिमा को काफी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त पुरे दिन भर होने के कारण दुर-दुर से बहने अपने भाई को राखी बांधने पहुंचने लगे। जिसके चलते बाजारों खासी चहल पहल रही। रक्षाबंधन का पर्व मनाने के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं एवं कहानियां प्रचलित है जिसे परंपरा के रूप में भाई बहन अटूट प्रेम के रूप मनाते हैं। बहनों द्वारा भाईयों की कलाई में राखी बांध कर उनके लंबी उम्र की कामना की गयी तो वहीं भाईयों ने भी आकर्षक उपहार भेंट कर बहनों की सुरक्षा का वचन दिया।

# सकरी में 2 लाख के सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम पंचायत सकरी प में विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रविवार को सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। यह सड़क सतबहिनी चौक से परमानंद साहू के घर तक बनाई जाएगी, जिसकी कुल लागत 2 लाख रुपये है। यह कार्य जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत सभापति जमवन्ती नीलकमल की अनुशंसा पर जनपद निधि से स्वीकृत हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर की गई। स्थानीय पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कराया। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर



जनपद पंचायत सभापति जमवन्ती नीलकमल ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के हर मोहल्ले और वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विकास प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा, सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए जनपद निधि का सही और पारदर्शी उपयोग किया जा रहा है। यह सीसी रोड बन जाने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात में होने वाले कीचड़ और जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।

सरपंच कुलदीपक खन्ना ने भी कहा कि सीसी रोड बनने से क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा की सुविधा मिलेगी और गांव का सौंदर्य भी बढ़ेगा। उन्होंने जनपद सभापति के प्रयासों की सराहना की और ग्रामीणों से निर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की। मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, हेमंत साहू, त्रिलोक वर्मा, भानु प्रताप साहू, उदयराम साहू, नरेंद्र साहू, टिकेश्वरी साहू, पुनेश्वरी साहू, योगेश वैष्णव, प्रवीण वर्मा, हेम कुमार साहू, लोकनाथ साहू, बलराम चंद्राकर, ललित साहू, नरेश साहू, गणेश राम साहू, संतराम साहू, साध राम साहू, लखेश्वर सेन, शुशील सेन, परमेश्वर साहू, मनोहर साहू, दयाराम वर्मा, दुखवा राम साहू, दयाराम साहू, तिजई राम साहू और भगवती साहू, नंद कुमारी साहू, कुंजबिहारी साहू, रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# ग्राम मांठ में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा के पास स्थित मांठ गांव में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, गांव के आदिवासी समुदाय ने अपनी परंपराओं के अनुसार बूढ़ा देव और भगवान बिरसा मुंडा की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद, आदिवासी युवाओं ने बाइक रैली निकाली और पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान खीर-पुड़ी और केले का प्रसाद भी बांटा गया। यह दूसरी बार था जब गांव में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिल्दा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि और भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, रायपुर ग्रामीण के महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र वर्मा मौजूद थे। समारोह में आदिवासी समाज के कई वरिष्ठजन जैसे लिशम सिंह, नंद कुमार मरावी, गोविंद सिंह मरावी और शीशम सिंह उईके शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने भाषणों में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को बचाने की जरूरत पर जोर दिया और युवाओं को अपनी पहचान और विरासत पर गर्व करने का संदेश दिया।

# राहुल के वोट चोरी आरोप पर शैली भाटिया का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। राहुल गांधी ने कहा था कि मतदाता सूची में हेरफेर और मतदान प्रक्रिया में धांधली करके सत्ता पक्ष लोकतंत्र की हत्या कर रहा है। इस बयान को पार्टी के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शैली भाटिया ने न केवल समर्थन दिया, बल्कि और भी तीखा हमला बोला। भाटिया ने कहा, कि आज देश में लोकतंत्र को खत्म करने की सुनियोजित साजिश चल रही है। चुनाव आयोग, जो निष्पक्षता का प्रतीक होना चाहिए, वह सत्ता के इशारों पर नाचता नज़र आ रहा है। मतदाता सूची में गड़बड़ी, ईवीएम की सुरक्षा पर सवाल और विपक्षी आवाज़ों को दबाने का खेल यह सब मिलकर लोकतंत्र की रीढ़ तोड़ने का काम कर रहा है।

उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर चुनाव आयोग में जरा भी ईमानदारी बची है, तो वह तुरंत राहुल गांधी के आरोपों की जांच करें और दोषियों को सख्त सज़ा दे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर सीधे तौर पर 'वोट चोरी' का गंभीर आरोप लगा दिया। गांधी का कहना है कि मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियों, CCTV फुटेज मिटाने और ई-डेटा देने से इनकार कर, चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर लोकतंत्र की जड़ें हिलाने का काम किया है। देश की जनता अब चुप नहीं बैठेगी इसके लिए चाहे सड़कों पर उतरना पड़े हम पीछे नहीं हटेंगे। कि मौजूदा हालात में जनता को अपने वोट के अधिकार और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई तेज करनी होगी, वरना आने वाली पीढ़ियों को आजादी के मायने किताबों में ढूंढने पड़ेंगे।




# शराब की अवैध बिक्री रोकने भैंसा में सीसी कैमरे लगाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भैंसा में सरपंच के द्वारा गली और मोहल्ले में सुरक्षा तथा गांव में और खासकर बस स्टैंड में बिक रही अवैध शराब को लेकर गांव में सीसी कैमरे लगाने का फैसला लिया गया। जिसे लेकर ग्राम पंचायत में तथा बस स्टैंड वासियों में काफी हर्ष व्याप्त है,नव निर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि मोहन कोठारी तथा युवा नेता दिलीप सिंह कोठारी ने बताया की पूरे बस स्टैंड में सुरक्षा तथा अन्य गतिविधियों को देखते हुए बस स्टैंड में सी सी टी वी कैमरे लगवाए जा रहे हैं, बस स्टैंड के बाद बाजार चौक तथा जहां-जहां जरूरत है, सभी जगहों को कैमरे से लैस किया जाएगा, उल्लेखनीय की पूर्व में भी यहां कैमरे लगाए गए थे लेकिन काफी समय से रख-रखाव के अभाव में सिस्टम खराब हो चुके थे, जिसे अब दुरुस्त कर लिया गया है, ये कैमरे ऑटोमेटिक सिस्टम से लैस रहेंगे, जिसे सीधे थाना प्रभारी कमांड और ऑपरेट कर सकेंगे यानी पूरा बस स्टैंड में हो रही गतिविधियों का थाना प्रभारी की नजर में होगा, उक्त कार्य में ग्राम पंचायत भैंसा सरपंच तथा युवा नेता मोहन कोठारी सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### मुरा पंचायत में शराब की अवैध, कार्रवाई की मांग

बंगोली । ग्राम पंचायत मुरा में अवैध रूप शराब बिक्री जोरो पर है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मुरा में व्यक्तियों के द्वारा अंग्रेजी एवं शोले शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। बाहर के कुछ लोगों के द्वारा शराब बेचने वालों के घर में शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। कियतकर्ता महिलाओं ने बताया की अवैध शराब की बिक्री से ग्राम मुरा का माहौल खराब हो रहा है। शाम होते ही गांव के चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। शराब पीने वाले लोग सार्वजनिक स्थान एवं स्कूल परिसर की जगह को भी नहीं छोड़ रहे हैं। स्कूल जाकर शराब पीने से स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा अब युवाओं के साथ-साथ भी किशोर वर्ग के भी नशे का आदी हो रहे हैं। गांव में खुलेआम शराब बेचे जाने से बच्चों पर भी गलत असर पड़ने लगा है। ग्राम पंचायत पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों को कई बार समझाने के बावजूद नहीं मान रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत ने गांव में शराब बंद कराने को लेकर पंचायत प्रस्ताव भी किया गया है।

